महत्वपूर्ण सूचना (डिजी शक्ति योजना)

समस्त संबंधित छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत दिनांक 15 नवंबर 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज, हरदोई रोड, लखनऊ में मोबाइल/टैबलेट का वितरण किया जाना प्रस्तावित है।

इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नलिखित हैं:

1. समस्त पात्र छात्र छात्राएं दिनांक 15 नवंबर 2026 को प्रातः 7:00 बजे तक अनिवार्य रूप से लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

2. समस्त छात्र-छात्राएं निर्धारित बसों से लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस (Old Campus) से प्रस्थान करेंगे। प्रेरणा स्थल पर कोई भी छात्र-छात्रा सीधे नहीं जा सकता/सकती है। सभी छात्र-छात्राओं को ओल्ड कैंपस में उपस्थित होकर निर्धारित बस से ही जाना अनिवार्य होगा।

3. समस्त पात्र छात्र छात्राएं औपचारिक (फॉर्मल) वेशभूषा (जैसे सफ़ेद या हल्के नीले रंग के वस्त्र) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें|

4. बसों के ओल्ड कैंपस (Old Campus) मिलने का स्थान (खड़े होने) की अद्यतन जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के डिजी शक्ति (Digi Shakti) पोर्टल/पेज पर शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी।

5. निर्धारित बस में ही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दर्ज की जाएगी तथा उनके टैबलेट भी संबंधित बस की निर्धारित सीट पर रखे जाएंगे।

6. विद्यार्थी पहचान पत्र / मूल अंकपत्र (ओरिजिनल मार्कशीट) और आधार कार्ड साथ लाएँ।